# पंजाब में गन्ने का मूल्य बढ़ेगा



**चंडीगढ़** • पंजाब के मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने किसानों को आश्वासन दिया है कि राज्य सरकार जल्दी ही गन्ने का खरीद मूल्य बढ़ाने के बारे में फैसला करेगी। भारतीय किसान यूनियन (लक्खोवाल) के अध्यक्ष अजमेर सिंह लक्खोवाल ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात की। उन्होंने पड़ोसी देशों के अनुसार गन्ने का खरीद मूल्य बढ़ाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि गन्ने का खरीद मूल्य बढ़ाने के लिए एक प्रस्ताव तैयार करें, ताकि इसके बारे में फैसला लिया जा सके। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अगर गन्ने का मूल्य बढ़ाया जाता है और समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाता है तो राज्य के कृषि क्षेत्र का विविधीकरण होगा। इससे राज्य में गन्ने का रकबा बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।